<u>जयपुर भार्गव सभा (रजि.) जयपुर</u>

जयपुर राष्ट्रीय भार्गव महिला सभा की कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 27.04.2019

जयपुर राष्ट्रीय भार्गव महिला सभा की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन दिनांक 27.04.2019 को प्रातः 10 बजे से महर्षि भृगु सदन, सुन्दर मार्ग, तिलक नगर, जयपुर में आयोजित की गई। अध्यक्षता श्रीमति विजयलक्ष्मी जी द्वारा की गई। बाहर से आने वाली सभी बहनों का रजिस्ट्रेशन पर बिन्दी, मालाओं, गिफ्ट व कलावा बांध कर स्वागत किया गया। अध्यक्ष श्रीमति रूकमणी जी व सचिव श्रीमति मनीषा जी ने सभी पूर्व अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष को डाइस पर आमंत्रित किया। दिवंगत आत्माओं को श्रृद्धाजंली देने हेतु सभा में दो मिनट का मौन रख कर पाँच मिनट के लिये सभा को स्थगित किया गया। तत्पश्चात् दोबारा सभा शुरू की गई। ईश वन्दना व स्वागत गान से सभा की शुरूआत हुई। स्वागत गान की प्रस्तुती श्रीमति उर्मिला जी, मनीषा जी, मधु जी, आरती जी द्वारा की गई। इसके बाद श्रीमति विजयलक्ष्मी जी जयपुर,निवर्तमान अध्यक्षा द्वारा सभा को प्रारम्भ किया गया।

चुनाव अधिकारी ने नई कार्यकारिणी का स्वागत कर सभी को उनका स्थान ग्रहण करवाया। सभा की कार्यवाही के पश्चात् जयपुर भार्गव महिला सभा ने उन्हें दोपहर के भोजन पर आमंत्रित किया। राष्ट्रीय महिला सभा द्वारा जयपुर भार्गव महिला सभा को स्वादिष्ट भोजन हेतु धन्यवाद दिया।

मनीषा भार्गव
सचिव